उत्तर प्रदेश शासन

कृषि अनुभाग-6

संख्या-10/यू0ओ0-73/12-6-2015

लखनऊ: दिनांक 24 जून, 2015

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

विभागीय वेबसाइट हेतु नोडल अधिकारी नामित किये जाने विषयक आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-392/78-2-2015-83 आई.टी./2013, दिनांक 30.3.2015 के सन्दर्भ में कृषि विभाग उत्तर प्रदेश शासन में श्री दिनेश प्रताप सिंह, विशेष सचिव को नोडल अधिकारी नामित किया जाता है। नोडल अधिकारी का नाम, पदनाम, टेलीफोन, मोबाइल नं0 तथा ई-मेल का विवरण निम्नवत् है:-

नाम	पदनाम	टेलीफोन	मोबाइल नं0	ई-मेल
दिनेश प्रताप सिंह	विशेष सचिव	2238292	9454412764	

2- नोडल अधिकारी का यह दायित्व होगा कि विभाग से संबंधित समस्त जनोपयोगी सूचनायें यथा-विभाग द्वारा संचालित विभिन्न लाभार्थिपरक योजनायें, लाभार्थियों की जनपदवार सूची विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन पत्रों का प्रारूप एवं समस्त जनपद स्तरीय, विभागाध्यक्षों तथा शासन स्तरीय अधिकारियों के नाम तथा टेलीफोन नम्बर तथा उनका कार्य वितरण, विभाग से संबंधित विभिन्न अधिनियम, विभिन्न न्यायालयों में विभाग से सम्बन्धित पारित निर्णय, विभिन्न कर्मचारियों/अधिकारियों की कोटिक्रम सूची तथा विभाग द्वारा निर्गत शासनादेशों की संख्या व दिनांक आदि अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करायें तथा इस सूची को अद्यतन रखें। सूचना के अधिकार द्वारा वांछित समस्त विवरण भी इस वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाये। सरकार का उद्देश्य यह है कि प्रत्येक व्यक्ति की विभागीय वेबसाइट पर उन सारी जानकारियों तक पहुँच हो जाये जो किसी अधिनियम द्वारा अथवा अन्यथा गोपनीय नहीं है। संबंधित नोडल अधिकारी के स्थानान्तरण की स्थिति में उसके द्वारा कार्यमुक्त होने से पूर्व अपना उत्तराधिकारी विभाग द्वारा नामित करा दिया जाए तथा इसकी सूचना प्रमुख सचिव, आई0टी0 एवं इले0 को दी जायेगी।

3- इसके अतिरिक्त लाभार्थीपरक योजनाओं, जिनकी जानकारी वेबसाइट पर अपलोड करनी है, से संबंधित सूचना कृषि अनुभाग-2/3 द्वारा संकलित/परीक्षण कर कृषि अनुभाग-2/3 का कार्य देख रहे अधिकारियों के माध्यम से नोडल अधिकारी को प्रस्तुत की जाय तथा कृषि अनुभाग-2/3 एवं उनके प्रभारी अधिकारियों के साथ 15 दिन में समन्वय हेतु बैठक की जायेगी।

(अमित मोहन प्रसाद)

प्रमुख सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-यू0ओ0-73(1)/12-6-2015- तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- समस्त आयुक्त, उत्तर प्रदेश।

2- समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

3- सचिव, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।

4- सम्बन्धित अधिकारी।

5- कृषि निदेशक को इस अनुरोध के साथ कि वेबसाइट पर सूचनायें लोड करने व अद्यतन करने हेतु कृषि निदेशालय के किसी भिज्ञ तकनीकी अधिकारी को नामित किया जाय, ताकि उसके साथ समन्वय करके सूचनायें अपलोड की जा सके।

6- प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0 डेस्को, गोमतीनगर, लखनऊ।

7- सेन्टर फॉर ई-गर्वनेन्स, गोमतीनगर, लखनऊ।

8- समस्त अनुभाग, कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।

9- आई0टी0 एवं इले0 अनुभाग-2, उत्तर प्रदेश शासन।

10- समस्त परियोजनाधिकारी, कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

11- वित्त नियंत्रक, कृषि भवन, लखनऊ।

12- सहायक निदेशक (कम्प्यूटर एवं समन्वय), कृषि भवन, लखनऊ।

13- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(नरेन्द्र कुमार)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in